तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 किसान मेला का उद्देश्य आधुनिक तकनीक और योजनाओं ...





14 ग्रीष्मकालीन धान पर सख्ती: जल संकट के मद्देनज़र ...




# 77 केंद्राध्यक्षों की बैठक में हुई बोर्ड परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिले के सभी 77 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होंगी। इस वर्ष जिले में कुल 77 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 12,169 परीक्षार्थी तथा कक्षा 12वीं में 8,677 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा केंद्रों में कक्षों की साफ-सफाई, उचित बैठक व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन, शौचालयों की स्वच्छता तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जर्जर भवनों या असुरक्षित कमरों में किसी भी स्थिति में परीक्षा आयोजित न की जाए।

## 20 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

### शीतल वातावरण की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश

गर्मी को ध्यान में रखते हुए पंखा, कूलर एवं शीतल वातावरण की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही गोपनीयता बनाए रखने, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख-रखाव, पर्याप्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति एवं समयबद्ध रूप से सभी औपचारिकताओं का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया। डीईओ श्री चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे से समन्वयक केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा से किया जाएगा। सभी केंद्राध्यक्षों को समय पर उपस्थित होकर सामग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 10 उड़न दस्ता दलों का हुआ गठन

परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला कलेक्टर द्वारा 10 उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक जिला स्तरीय उड़न दस्ता दल तथा प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग दल गठित किए गए हैं। ये दल परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सहायक संचालक एसपी कोशले, शासकीय आदर्श बालक शाला के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बोर्ड परीक्षा को सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन ने की त्वरित कार्रवाई



**साजा।** जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के आदेशानुसार,जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा के मार्गदर्शन और बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला बाल विकास विभाग बेमेतरा साजा की टीम ने ब्लाक के कोरवाय में बाल विवाह की तैयारी की सूचना पर गांव पहुंचे बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी मानेश्वरी कुर्रे (पर्यवेक्षक), लता दीक्षित (पर्यवेक्षक), पुलिस विभाग से रामानुज जायसवाल (आरक्षक) एवं चाइल्ड हेल्प लाइन -1098 की टीम से आभाष शर्मा - परामर्शदाता व आशीष जायसवाल सुपरवाइजर) की संयुक्त टीम के द्वारा बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बालकों व परिजनों को समझाईश दिया गया व पंचनामा तैयार कर प्रकरण दर्ज करते हुए बाल विवाह को रोका गया ।

### धान खरीदी सफल, किसानों को करोड़ों का भुगतान

**नांदघाट।** इस वर्ष सेवा सहकारी समिति नांदघाट के माध्यम से समिति में पंजीकृत 2044 किसानों से 1960 कृषकों ने अपना धान बेचा। जिसमें से स्वर्णा धान की 71767.60 क्विंटल की खरीदी की गई वहीं पर मोटा धान 19322 क्विंटल उपार्जित किया गया। कुल मिलाकर इस बार तय लक्ष्य 120000 क्वींटल के मुकाबले 91090 क्विंटल धान की खरीदी हुई जिसका 17 करोड़ 47 लाख का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ 4 करोड़ 10 लाख 20 हजार 116रुपए की ऋण की वसूली भी समिति द्वारा की गई है। उपरोक्त जानकारी प्रभारी समिति प्रबंधक शंकरलाल निर्मलकर द्वारा दिया गया। वहीं प्राधिकृत अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने अंतर की एकमुश्त राशि होली से पूर्व जारी करने के साय कैबिनेट के निर्णय का स्वागत करते हुए खाद्यमंत्री दयालदास बघेल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साथ को कृषकों की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानो से किया वादा निभाया है।

### भाई के हत्यारे को उम्रकैद

**दुर्ग।** नेवई थाना अंतर्गत स्टेशन मरोदा स्थित डबरी के पास करीब ढाई साल पहले हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी भाई दीपक राजपूत को आजीवन कारावास से दंडित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधी के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण में लंबी सुनवाई के बाद प्रार्थी और आरोपी की पत्नी बीना राजपूत की गवाही सबसे अहम मानी गई।

## समस्या

# खाद के दामों में 300 रुपए तक उछाल खरीफ से पहले किसानों की चिंता बढ़ी

**एनपीके 1900 और पोटाश 1800 रुपए प्रति बोरी, लागत बढ़ने से मुनाफाखोरी का खतरा गहराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पहले खाद की किल्लत और अब बढ़ती कीमतों ने किसानों की परेशानी दोगुनी कर दी है। खरीफ सीजन शुरू होने से ठीक पहले रासायनिक उर्वरकों के दामों में 180 से 300 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे खेती की लागत पर सीधा असर पड़ रहा है। खासकर एनपीके और पोटाश खाद के दाम बढ़ने से किसान वर्ग में नाराजगी साफ दिखाई दे रही है।

■ खेती में मंहगाई का असर, एनपीके और पोटाश खाद के दामों में बढ़ोतरी

बाजार में एनपीके खाद की कीमत 1720 रुपए से बढ़कर 1900 रुपए प्रति बोरी हो गई है। वहीं पोटाश (एमओपी) 1500 रुपए से बढ़कर 1800 रुपए प्रति बोरी बिक रही है। बताया जा रहा है कि बीते दो वर्षों में ही एनपीके की कीमत में लगभग 430 रुपए की वृद्धि हुई है, जबकि पोटाश करीब 300 रुपए महंगी हो चुकी है। हालांकि यूरिया के दाम में इस वर्ष कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और यह सोसायटी में 266 रुपए प्रति बोरी मिल रही है। डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी की दर से उपलब्ध है।

**लागत बढ़ने से खेती पर असर:** किसानों का कहना है कि पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार खाद के दाम बढ़ रहे हैं, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। बीज, डीजल, मजदूरी और सिंचाई के खर्च के साथ खाद की महंगाई ने आर्थिक दबाव और बढ़ा दिया है। किसान सबसे अधिक यूरिया और डीएपी का उपयोग करते हैं, लेकिन एनपीके और पोटाश की बढ़ी कीमतें संतुलित पोषण व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं।

**तीन वर्षों में बड़ा अंतर:** यदि वर्ष 2024 की तुलना करें तो एनपीके 1470 रुपए से बढ़कर अब 1900 रुपए तक पहुंच गया है। इसी तरह पोटाश 1500 रुपए से बढ़कर 1800 रुपए हो गई है। लगातार बढ़ती कीमतों से यह स्पष्ट है कि उर्वरकों का खर्च खेती की कुल लागत का बड़ा हिस्सा बनता जा रहा है।




### 33500 मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य

आगामी खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले में 33,500 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें यूरिया 14,000 मीट्रिक टन, डीएपी 9,000 मीट्रिक टन, एनपीके 6,000 मीट्रिक टन, एमओपी 1,700 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 2,800 मीट्रिक टन शामिल हैं। सहकारी समितियों में भंडारण और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### खुले बाजार में मुनाफाखोरी की आशंका

किसानों ने यह भी आरोप लगाया है कि सीजन के दौरान सहकारी समितियों में खाद की कमी हो जाती है। ऐसे में खुले बाजार में मुनाफाखोरी करने वाले सक्रिय हो जाते हैं और निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलते हैं। किसानों के अनुसार, कमी के समय यूरिया 500 से 600 रुपए और डीएपी 1400 से 1500 रुपए तक में खरीदना पड़ता है। इससे छोटे और सीमांत किसानों की स्थिति और भी कमजोर हो जाती है।समय पर आपूर्ति और नियंत्रण की मांग किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खरीफ सीजन के दौरान खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और खुले बाजार में मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय पर उचित दर पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो उत्पादन लागत बढ़ने के साथ-साथ फसल उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। खरीफ की दस्तक से पहले खाद के बढ़ते दाम किसानों के लिए नई चुनौती बनकर सामने आए हैं। अब नजर प्रशासनिक व्यवस्था पर टिकी है कि वह कीमतों और आपूर्ति पर किस तरह नियंत्रण सुनिश्चित करता है।

## शासकीय धान में खेल

# रास्ते में खाली किया जा रहा था ट्रक चार पर एफआईआर, दो वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

जिले में शासकीय धान परिवहन के नाम पर बड़ा खेल सामने आया है। साजा ब्लॉक के मोहगांव सोसायटी से संग्रहण के लिए निकला धान रास्ते में ही निजी गोदाम में उतारते रंगे हाथों पकड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने ट्रक चालक, वाहन मालिक और शासकीय धान को अपने गोदाम में रखवाने वाले राजपूत कृषि केंद्र के संचालक सहित चार लोगों के खिलाफ देवकर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। धान से भरे दोनों ट्रकों को तत्काल जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है।


सोसाइटी से निकला ट्रक व्यापारी के घर के सामने खाली होते पकड़ाया, चालक फरार

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 5 बजे मोहगांव समिति से धान लेकर ट्रक रवाना हुआ। महज 20 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार घंटे ▶▶|शेष पेज 13 पर

### उठे बड़े सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि शासकीय धान को संग्रहण केंद्र के बजाय निजी व्यापारी के गोदाम में क्यों उतारा जा रहा था? क्या यह सुनियोजित गड़बड़ी थी? क्या इसमें और भी लोग शामिल हैं? इस घटना ने धान खरीदी और परिवहन व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन भले ही जांच की बात कर रहा हो, लेकिन ग्रामीणों और किसानों के बीच यह चर्चा तेज है कि यदि समय रहते पकड़ नहीं होती, तो शासकीय धान का बड़ा हिस्सा ठिकाने लगा दिया जाता। फिलहाल जब्त ट्रकों और धान को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। पूरे मामले की जांच जारी है और अब सबकी नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

# अचानक लगी आग से कच्चा मकान खाक, परिवार हुआ बेघर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत पेण्ड्री में गुरुवार शाम करीब 7 बजे अचानक लगी आग से एक कच्चा मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पीड़ित के मुताबिक आगजनी की इस घटना में घर में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी, घरेलू सामान तथा महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

■ पुलिस व राजस्व अमले ने किया निरीक्षण

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पेण्ड्री निवासी कुशल राम साहू (पिता आजु राम साहू) के कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। घटना के समय कुशल राम साहू अपनी पत्नी विपरीत साहू के साथ ग्राम रनबोड़ में आयोजित भागवत कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे, जिससे घर सूना था। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।

**ग्रामीणों की तत्परता से टली बड़ी अनहोनी:** घर से उठती आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों में कुछ समय के लिए हड़कंप की ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नकदी, घरेलू सामग्री व दस्तावेज जलकर नष्ट

पीड़ित परिवार के अनुसार आग में उनकी जीवनभर की जमा पूंजी करीब डेढ़ लाख रुपये, घरेलू उपयोग की सामग्री तथा महत्वपूर्ण सरकारी कागजात जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। आगजनी के बाद परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। पीड़ितों ने बताया कि अब उनके पास खाने के लिए भी कुछ नहीं बचा है और रहने की व्यवस्था को लेकर भी संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल पीड़ित अपने पत्नी के मायके के शरण में है।

पुलिस व राजस्व अमले ने किया नुकसान का आकलन

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग एवं पटवारी सहित राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रशासन से राहत सहायता की मांग

घटना के बाद पीड़ित परिवार की निगाहें अब शासन-प्रशासन की ओर टिकी हुई हैं। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र आर्थिक सहायता एवं राहत ▶▶|शेष पेज 13 पर

**संस्कृत शिक्षक संघ ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सौंपा मांगपत्र**

# संस्कृत विकल्प का नहीं संकल्प का विषय भाषा के साथ नहीं होगा अन्यायः विसं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में संस्कृत विषय को पाठ्यक्रम से हटाए जाने की आशंका को लेकर छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ ने 'संस्कृत विषय बचाओ अभियान' के तहत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर मांगपत्र सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू, डॉ. नारायण साहू एवं मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से कक्षा 6वीं से 10वीं तक संस्कृत विषय को सचिवालय स्तर पर हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि संस्कृत को पूर्व की भांति अनिवार्य विषय बनाया जाए तथा नवीन व्यावसायिक शिक्षा को सातवें विषय के रूप में स्थान दिया जाए। मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संस्कृत विकल्प का नहीं, संकल्प का विषय है। भाषा के साथ अन्याय नहीं होगा।

■ कक्षा 6 से 10 तक पाठ्यक्रम से विषय हटाने का विरोध



### पहले भी दिया जा चुका है मांगपत्र

8 फरवरी 2026 को संघ प्रतिनिधियों ने विधायक अजय चंद्राकर, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। वहीं 7 सितंबर 2025 को सरयूपारीण भवन मठपुरैना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भी मांगपत्र दिया जा चुका है।

### संस्कृत, हिंदी एवं बांग्ला का सम्मान है संवैधानिक दायित्व : संघ

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर संचालक लोक शिक्षण, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, एससीईआरटी, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, संस्कृत विद्या मंडलम्, स्कूल शिक्षा मंत्री, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विभिन्न जिलों के कलेक्टर व शिक्षा अधिकारियों तथा विधायकों को भी ज्ञापन सौंप चुके हैं। संघ का कहना है कि बिना किसी लिखित आदेश के संस्कृत विषय के स्थान पर नवीन व्यावसायिक शिक्षा मौखिक निर्देशों के आधार पर लागू की जा रही है, जिससे संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला विषयों का अध्ययन प्रभावित हो रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि संस्कृत, हिंदी एवं बांग्ला भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाएं हैं और इनका सम्मान संवैधानिक दायित्व है। संघ ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी संस्कृत भाषा को अध्ययन एवं व्यवहार में अपनाने की अपील की जाती रही है।




## खबर संक्षेप

### अधिकारियों के लिए कार्यालयीन व दौरा दिवस निर्धारित

**दुर्ग।** राज्य शासन ने अधिकारियों की कार्यालयीन उपस्थिति एवं क्षेत्र भ्रमण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन के अनुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरा के कारण कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही थी जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी अब प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने-अपने मुख्यालय एवं कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इन दिनों में कार्यालयीन नस्तियों का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं क्षेत्रीय निरीक्षण, फील्ड विजिट एवं अन्य बाह्य कार्यों के लिए केवल गुरुवार एवं शुक्रवार निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों को अपने दौरा कार्यक्रम इसी समयावधि में तय करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थितियों जैसे कानून-व्यवस्था, अत्यावश्यक शासकीय कार्य अथवा वरिष्ठ कार्यालय द्वारा आहूत बैठकों की स्थिति में ही इस समय-सारणी में परिवर्तन मान्य होगा। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार का उल्लंघन अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा।

### नए पंचायत भवन के लिए 12.93 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत विकासखण्ड धमधा के ग्राम ढाबा में नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए 12 लाख 93 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यों का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी।

### पंप स्थापना के लिए 1 लाख की मिली स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लिए 01 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढौर (कचांदुर) वार्ड 20 में नवीन पानी टंकी के पास वायरिंग पेयजल हेतु 3 एचपी मोटर पंप स्थापना हेतु 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### आवास लोन मेला 16 से 19 फरवरी तक आयोजित




**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिवस के रूप में आवास लोन मेला का आयोजन 16 से 19 फरवरी किया जा रहा है। इस विशेष पहल के माध्यम से ऐसे हितग्राही, जिन्हें अपने मकान निर्माण या खरीद हेतु बैंक लोन की आवश्यकता है, वे इस मेले में शामिल होकर विभिन्न बैंकों से सीधे संपर्क कर आवास ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह मेला 16 फरवरी को जोन कार्यालय बोरसी, 17 को जोन कार्यालय आदित्य नगर, 18 को जोन कार्यालय उरला तथा 19 फरवरी को जोन कार्यालय पद्मनाभपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर मेला सुबह 11 से शाम 5 बजे तक लगेगा। मेले में सभी बैंक प्रतिनिधियों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को ऋण प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी।

# 56.76 लाख की लागत से बिछेगी पाइपलाइन, पानी समस्या से मिलेगी निजात

**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत स्वीकृत 56.76 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार ने किया।

इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा तथा लंबे समय से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि निगम जनआकांक्षाओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर रहा है।

## 15वें वित्त आयोग मद से होगा जल सुविधा का सुदृढ़ विस्तार



### ऑक्सीजोन में 1 करोड़ के होंगे विकास कार्य



वार्ड क्रमांक 29 सिविल लाइन में एसपी बंगला से लेकर वन विभाग कार्यालय तक सड़क निर्माण एवं दोनों ओर पेवर ब्लॉक पेविंग कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार द्वारा किया गया। 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत 1 करोड़ की लागत से होने वाले इस कार्य का शुभारंभ सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदों की मौजूदगी में किया गया। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि सिविल लाइन क्षेत्र को ऑक्सीजन जोन के रूप में जाना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक सुबह-शाम वॉक और व्यायाम के लिए पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पेवर ब्लॉक कार्य अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उनकी निगरानी में ही कराया जाए।

सभापति श्याम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग जनहित के कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर जल प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोक निर्माण प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद अश्विनी निषाद, विद्युत प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, मनोज सोनी, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, लोकेश्वरी ठाकुर, जितेंद्र ताम्रकर, पूर्व पार्षद सुरेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, हरीश चौहान, रामफल शर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, चंद्रेश राठी, यशवंत जायसवाल आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने प्रोजेक्ट के अंतर्गत जारी कार्यों का किया निरीक्षण

# चार समूहों की जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 77 से ज्यादा गांवों में जल्द पहुंचेगा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय योजना के चार समूहों के 77 गांवों में जल्द साफ पानी पहुंचेगा। इसे लेकर खारून और शिवनाथ नदी के तट पर इंटकवेल का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत ओदरागहन-सूरपा समूह जल परियोजना से 19 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। कौही-रानीतराई समूह जल परियोजना से 14 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। चंदखुरी समूह जल परियोजना से 31 गांवों को और निकुम समूह जल परियोजना से 13 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने चल रहे इन कामों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली। साथ ही गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में काम पूरा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को साथ पाटन और दुर्ग ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे।

## इंटकवेल, फिल्टर प्लांट और स्टोरेज सेंटर का भी किया निरीक्षण



### ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंचाने की तैयारी

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन समूह जल परियोजनाओं के अद्यतन प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों और कांट्रेक्टरों से चर्चा कर परियोजना अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन के उद्देश्य हर घर जल को ध्यान में रखते हुए कार्य में प्रगति लाएं, ताकि मिशन के लक्ष्य के मुताबिक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान जल प्रदाय परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, एमबीआर और खारून एवं शिवनाथ नदी किनारे बनाये जा रहे इंटकवेल का अवलोकन किया।

### हर समूह में बनाई जा रही 210 किली क्षमता की पानी टंकी

अधिकारियों ने बताया कि एमबीआर (मास्टर बैलेंसिंग रिसर्वर) एक बड़ी पानी टंकी होती है, जो मुख्य पाईपलाईन से आने वाले पानी को जमा करती है और फिर गांव की छोटी टंकियों में वितरित करती है। इसकी क्षमता 210 किलोलीटर की है। ओदरागहन-सूरपा समूह जल परियोजना से 19 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। कौही-रानीतराई समूह जल परियोजना से 14 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। चंदखुरी समूह जल परियोजना से 31 गांवों को और निकुम समूह जल परियोजना से 13 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। प्रत्येक इंटकवेलों में 18-18 हार्सपावर के तीन-तीन पम्प स्थापित किये गये हैं।



### बिजली आपूर्ति के लिए स्थापित किए जाएंगे ट्रांसफार्मर

कलेक्टर ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटकवेलों में विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पीएचई को ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत विभाग को डिमांड राशि जमा कराने निर्देशित किया। उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लगाये गये अन्डर ग्राऊण्ड पाईपलाईन की पहचान के लिए संकेत चिन्ह लगाने तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र का सीमांकन कराकर बाउण्ड्रीवॉल बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डेय, विभाग के सहायक इंजीनियर, सब इंजीनियर एवं कॉन्ट्रेक्टर उपस्थित थे।

# कृषि संवर्गीय विभागों की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- खरीफ तैयारी, खाद-बीज उपलब्धता एवं योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि संवर्गीय विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं उससे संबद्ध विभागों द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य पूर्ति, हितग्राही लाभ वितरण तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति का विभागवार परीक्षण किया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें। विशेष रूप से आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद, बीज एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सहकारी समितियों एवं अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक समय पर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**फसलों के विस्तार पर हुई चर्चा :** बैठक में कृषि उत्पादन बढ़ाने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों के विस्तार पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसानों को उन्नत तकनीक, आधुनिक कृषि यंत्रों तथा जल संरक्षण आधारित खेती की ओर प्रेरित किया जाए। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए। पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। पशुधन टीकाकरण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि, उद्यानिकी मिशन अंतर्गत पौधारोपण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई योजनाओं तथा मत्स्य बीज वितरण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर महोदया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए तथा प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए।अंत में कलेक्टर महोदया ने सभी विभागों को लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने, मैदानी भ्रमण बढ़ाने तथा किसानों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि जिले में कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना, उप संचालक पशु चिकित्सा राजेन्द्र भगत, सहायक संचालक उद्यान, सहायक संचालक मछली पालन, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की तथा आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया।

# पेयजल के जर्जर पाइप नालियों से गुजर रहे, संक्रमण का खतरा



जंग लगी जर्जर पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- वार्ड 8 की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वार्ड 8 में पेयजल व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। यहां वर्षों पुरानी पाइपलाइन अब पूरी तरह जर्जर हो गई है। कई जगह से पाइप फट चुके हैं और लगातार लीकेज हो रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि नाली का गंदा पानी भी पेयजल लाइन में मिल रहा है। महिलाओं ने आयुक्त की अनुपस्थिति में निगम सभापति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने आए वार्ड की महिलाओं ने बताया कि कई सालों से इस समस्या को लेकर कभी पार्षद तो कभी नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदा पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। गर्मी का मौसम नजदीक है, ऐसे में दूषित पानी की सप्लाई से हालात और बिगड़ सकते हैं।



नाली से गुजरी पाइप लाइन

### नाली से गुजरी पाइप लाइन में लीकेज

भिलाईतीन-चरोदा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित सतनामी मोहल्ला में पानी की पाइप लाइन नाली के भीतर से गुजारी गई है। पाइप लाइन वर्षों पुरानी हो चुकी है, जिस पर जंग लग गया है और कई जगह से लीकेज हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन जगहों पर पाइप लाइन टूटी है, वहीं से नाली का गंदा पानी सीधे सप्लाई लाइन में मिल रहा है। यही दूषित पानी अब घरों तक पहुंच रहा है। वार्डवासियों के मुताबिक, इस समस्या की शिकायत कई बार पार्षद और नगर निगम प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक न तो पाइप लाइन बदली गई और न ही स्थायी मरम्मत हुई।

### निरीक्षण के बाद किया जाएगा संधारण

पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत मेरे संज्ञान में आया है। निरीक्षण के बाद शीघ्र ही जर्जर पाइप लाइनों का संधारण किया जाएगा। जरूरत पड़े तो पार्षद निधि के रुपए से काम कराया जाएगा।

-हेमंत वर्मा गुलमोहर, पार्षद वार्ड 8, भिलाईतीन-चरोदा निगम

# राम खिलावन यादव बने बीजेपी जिला कार्यसमिति के सदस्य



**दुर्ग।** रसमड़ा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामखिलावन यादव को दुर्ग जिला भाजपा के कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। रामखिलावन यादव ने इस दायित्व के लिए सभी वरिष्ठ नताओ एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सुनेन्द्र कौशिक को उनके निवास स्थल पहुंचकर धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष रुप से जिलामंत्री राहुल पंडित मौजूद थे। रामखिलावन यादव दुर्ग ग्रामीण मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा दुर्ग ग्रामीण के प्रचार मंत्री, भाजपा मजदूर मोर्चा दुर्ग ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष भाजपा के अनुशासनिक संगठन भारतीय मजदुर संघ के प्रदेश सचिव, दो बार के सरपंच, दूसरे बार पंच चुना गया। चर्चा के दौरान हरिकृष्णा ठाकुर, राजकुमार शर्मा, रुपेश कुमार यादव, भगवानी साहू, तुलसी यादव, महेन्द्र सिन्हा, रामनारायण निषाद, संजय निर्मलकर, संजू यादव, छोटू यादव, कुम्भलाल साहू, किशोर यादव, प्रवीण यादव आदि मौजूद थे।

# हेलमेट और सीट बेल्ट पर सख्ती, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- ट्रैफिक पुलिस की समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट जवान हुए सम्मानित

सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्ग यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सेक्टर-6 भिलाई स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष में विशेष समीक्षा बैठक और सम्मान समारोह आयोजित कर हेलमेट व सीट बेल्ट जांच अभियान की प्रगति का आकलन किया गया।

इस बैठक में जिले के प्रमुख और संवेदनशील चौक-चौराहों पर चल रही कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि मुरगा चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक रिसाली, जुनवानी चौक और राजेंद्र प्रसाद चौक दुर्ग जैसे व्यस्त स्थानों पर बिना हेलमेट दोपहिया और बिना सीट बेल्ट चारपहिया चलाने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का मकसद केवल चालान काटना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। आंकड़ों के आधार पर यह भी देखा गया कि किन क्षेत्रों में नियम उल्लंघन ज्यादा हो रहा है और वहां प्रवर्तन कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कार्रवाई सतत, निष्पक्ष और कानून के अनुरूप होनी चाहिए। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट और चारपहिया चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नियमों की अनदेखी करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शून्य टैरिफ पर अमेरिका से आयात को लेकर किसानों का प्रदर्शन

# कृषि व डेयरी उत्पादों की आयात पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास किया गया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास जबरदस्त प्रदर्शन किया। डील को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए नारेबाजी किया।

उल्लेखनीय है कि देश भर में अनेक किसान संगठन आज डील के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए राजकुमार गुप्त, आईके वर्मा, झबेंद्र भूषण वैष्णव और उत्तम चंद्राकर ने कहा कि शून्य टैरिफ पर अमेरिका से कृषि और डेयरी उत्पाद करने से भारत के किसान और दुग्ध उत्पादक किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पायेंगे और बर्बाद हो जायेंगे। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि डील गैरबराबरी का समझौता है भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले सामानों पर 18% टैरिफ और भारत आयात होने वाले सामानों और उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है, वक्ताओं ने डील तत्काल रद्द करने की मांग की।




### किसान नेताओं ने 4 केंद्रीय श्रमकोर्ड के खिलाफ श्रमिकों को दिया समर्थन

किसान नेताओं ने 4 केंद्रीय श्रम कोड के खिलाफ श्रमिकों के अभा हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि इससे औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के 33% अवसर समाप्त हो जायेंगे इसके अलावा ट्रेड डील के अनुसार अमेरिका के औद्योगिक उत्पाद के आयात से भारत के अनेक उद्योग के बंद होने की स्थिति निर्मित हो सकता है और वहां कार्यरत श्रमिक रोजगार से वंचित हो सकते हैं। डील के खिलाफ प्रदर्शन में परमानंद यादव, कमलनारायण अग्रवाल, मेघराज मढ़रिया, रविप्रकाश ताम्रकार, ढालेश साहू, बाबूलाल साहू, प्रमोद पंवार, संतुलाल पटेल, देवशरण साहू, दीपक यादव, पुकेश्वर साहू, मौजूद थे। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अल्ताफ अहमद, राकेश ठाकुर आदि ने किसानों की मांग का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप

### धनेली में श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम धनेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीअखंड ब्रम्हांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की असीम कृपा से श्री अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन 9 फरवरी से 18 फरवरी तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम में व्यासपीठ से श्रीराम चरित मानस के मंगलमय प्रसंगों का वाचन एवं व्याख्यान किया जा रहा है। कथा प्रवचन हेतु पं. प्रशांत शर्मा, पं. मेघमणि शर्मा, सत्यव्रत शास्त्री, कमलेश्वरी देवी, श्रीमती पुष्पा देवी, पं. धनंजय दुबे, पं. मेघानंद शास्त्री एवं पं. कृष्ण पाठक द्वारा श्रद्धालुओं को रामकथा का रसास्वादन कराया जा रहा है। ग्राम आचार्य पं. चंद्रशेखर तिवारी एवं परायर्णकर्ता पं. प्रमोद कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में यह धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न हो रहा है। अखंड नवधा रामायण के मुख्य यजमान श्रीमती नरबदिया बल्लूराम साहू विराजमान है। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर श्रीराम चरित मानस दिव्य प्रसंगों का श्रवण कर अपने जीवन को धर्ममय और संस्कारित बनाने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था में गौतम साहू, बालूराम साहू, सुरेश साहू, श्रवण साहू, भागवत धुर्वे, दिनेश साहू, विष्णु प्रसाद चंद्राकर, कुमार निर्मलकर, रोहित साहू, शोभाराम ध्रुव, श्रीराम साहू, लखन लाल साहू, चिंटू साहू, संजय साहू, अनुज राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, सुखी साहू सहित समस्त ग्रामवासी धनेली सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। ग्राम धनेली में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### पाण्डातराई व मोहगांव में वीबी जी राम जी कार्यक्रम के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** भाजपा मंडल पाण्डातराई व मोहगांव द्वारा वीबी जी राम जी कार्यक्रम अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शक्ति केंद्र जंगलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वैष्णव के आतिथ्य एवं गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी ने की। उन्होंने स्वागत भाषण देते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं नवनियुक्त भाजयुमो जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने वीबी जी राम जी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को इसकी विशेषताओं से अवगत कराया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार वैष्णव ने वीबी जी राम जी कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर आम जनता के बीच जाकर कार्यक्रम के लाभों की जानकारी दें तथा विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें। साथ ही साथ कार्यशाला में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और वीबी जी राम जी कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ हुआ। इस अवसर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर का इंडोनेशिया-इंडिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में चयन

**हरिभूमि कवर्धा।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ही नहीं अपितु शिक्षकों के बहुमुखी विकास को



भी प्रमुखता दी है। यही कारण है कि यहां के सुयोग्य शिक्षक देश में ही नहीं विदेशों तक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुकुल के क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर का चयन इंडोनेशिया-इंडिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में हुआ है। मीडिया प्रभारी हिंदी पीजीटी डॉ विजय कुमार शाही ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत ही नहीं इंडोनेशिया में भी बॉल बैडमिंटन खेल की लोकप्रियता चरम पर है। इस वर्ष वहां इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। भारत की ओर से 10 खिलाड़ियों का दल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया गया है। इसी दल में गुरुकुल के क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर भी हैं। वे छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनका भारतीय दल में चयन हुआ है। यह गुरुकुल स्कूल सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। जिस पर शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने शिक्षक रामू सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यहां हर क्षेत्र में प्रतिभावान व सुयोग्य शिक्षक हैं, जो देश और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने के लिए सदैव तत्पर रहते है। आशा है वे भारतीय दल को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## किसान मेला का उद्देश्य आधुनिक तकनीक और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना: विजय शर्मा

# वनांचल क्षेत्र तरेंगांव जंगल में जिला स्तरीय किसान मेला का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखंड के सुंदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र तरेंगांव जंगल में आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में किसान मेला लगाने का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि यहां के किसान भी आधुनिक खेती से जुड़कर अधिक लाभ कमा सकें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार जिन किसानों ने धान बेचा है, उन्हें 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से शेष अंतर की राशि का भुगतान होली पर्व से पूर्व एकमुश्त कर दिया जाएगा, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी। पीएम श्री एकलव्य आवासीय विद्यालय के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उन्नत कृषि के उदाहरण देते हुए टमाटर और बैंगन की मिश्रित ग्राफ्टिंग से तैयार पौधों के उत्पादन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान केवल एक ही फसल पर निर्भर न रहें, बल्कि बहुफसली खेती अपनाकर आय के नए स्त्रोत विकसित करें। उन्होंने कहा कि किसान वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर खेत में जैविक खाद तैयार कर सकते हैं, जिससे लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खेती किसानों का जीवन और परिश्रम है। इसलिए इसे आधुनिकए लाभकारी और वैज्ञानिक तरीके से करना आवश्यक है।

### आजीविका डबरी से मिलेगा दोहरा लाभ



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आजीविका डबरी योजना के अंतर्गत खेतों में तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए जिला पंचायत और जनपद पंचायत में आवेदन किया जा सकता है। इससे एक ओर खेत में जल संरक्षण होगा, वहीं दूसरी ओर सब्जी उत्पादन, मछली पालन और बकरी पालन जैसे कार्यों से अतिरिक्त आय के साधन विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के माध्यम से बकरी पालन, मछली पालन सहित अन्य गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उन्नत किस्म के बीज भी उपलब्ध कराए जाते हैं। किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

### आधुनिक तकनीक के साथ खेती की ओर आगे बढ़े

श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में अब युवा वर्ग आधुनिक तकनीक के साथ खेती की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई पीढ़ी खेती को रोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम मानकर इसमें नवाचार और आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर रही हैए जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आय के नए अवसर भी बन रहे हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि समय के साथ खेती की पद्धति में बदलाव लाना जरूरी है। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, जैविक खाद और वैज्ञानिक तरीके अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

### योजनाओं के तहत सामग्री और सहायता राशि वितरित

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किसानों को जैविक कीटनाशक तैयार करने के लिए 100 लीटर क्षमता के प्लास्टिक ड्रम वितरित किए गए। इसके साथ ही गन्ना विकास योजना अंतर्गत चयनित किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बैटरी स्प्रेयर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में किसानों को समूह चेक का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें खेती और आजीविका से जुड़े कार्यों में आर्थिक सहयोग मिल सके।

## महाशिवरात्रि पर विधायक संग श्रद्धालु 151 पार्थिव शिवलिंग में एक साथ करेंगे रुद्राभिषेक

### कामठी में हजारों विवाहित जोड़ें और भक्तजन एक साथ करेंगे पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिर देवालयो की रंग-रोंगन व साज सज्जा से सजाया जा रहा है। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शिवभक्तों के लिए विशेष आयोजन किया गया है। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कामठी में 151 पार्थिव शिवलिंग में हजारों विवाहित जोड़ें और श्रद्धालु एक साथ पूरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करेंगे और अपने परिवार के साथ-साथ पंडरिया विधानसभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रगति एवं सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इस पुण्य अवसर पर शामिल होकर रुद्राभिषेक करने हेतु विवाहित जोड़ों और श्रद्धालुओं को अपना पंजीयन कराना होगा, जिसके लिए वे अपनी नजदीकी जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र से पंजीयन पत्र प्राप्त कर उसमें उल्लेखित जानकरी दर्ज कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। रुद्राभिषेक के पश्चात पूरे विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग का प्रवाह संस्कार किया जाएगा।

इस अवसर पर भंडारा एवं महाप्रसादी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुराग शर्मा द्वारा सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। इस आयोजन को लेकर जनता में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है और अब तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन कराया है।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति भक्तजनों की आस्था और पंडरिया विधानसभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा, आर्शीवाद एवं जनता के स्नेह और सहयोग से इस वर्ष महाशिवरात्रि के पावन एवं पुण्य अवसर पर ग्राम कामठी के स्कूल मैदान में 151 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा।

यह आयोजन श्रद्धा, आस्था, संस्कार और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि इस पावन अवसर पर 151 मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंगों की स्थापना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक पार्थिव शिवलिंग पर विवाहित जोड़ें एवं श्रद्धालु एक साथ विधि-विधान से रुद्राभिषेक करेंगे।

यह आयोजन सामूहिक भक्ति, सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना का अद्भुत संगम होगा, जहाँ हम सभी एक साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना कर क्षेत्र, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना करेंगे। उन्होने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सनातन परंपराओं से जोड़ने, धार्मिक संस्कारों को संरक्षित करने तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इस आयोजन को और अधिक सफल, भव्य एवं पुण्यदायी बनाएगा।

## सप्तम दिवस की कथा में गूंजा राम राज्य का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

कुण्डा में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम के सप्तम दिवस के क्रम में कथा प्रवाचिका सुश्री सुनीता शास्त्री ने भगवान के उदार एवं करुणामय चरित्र का भावपूर्ण विश्लेषण करते हुए समाज को परस्पर प्रेम और सद्भाव से रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के मंगलमय नाम के आश्रय से ही राम राज्य की स्थापना संभव है। उनके प्रेरणादायी वक्तव्य पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी करतल ध्वनि से गूंज उठे। कथा के द्वितीय सत्र में वक्ता श्रीब्रह्मादेवाचार्य ने किष्किंधा कांड के बाली–सुग्रीव प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए भगवान की मित्रता, नीति पालन और धर्मनिष्ठ आचरण का महत्व समझाया। उन्होंने भगवान के पवित्र एवं विमल चरित्र का उद्घाटन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता समाज भावविभोर हो उठा। उत्तर प्रदेश से पधारे पंडित प्रकाश चंद पांडेय ने भगवान श्रीराम की वनवास कालीन शासन व्यवस्था का विश्लेषण करते हुए बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने राजनीतिक, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक ऊर्जा का समन्वय कर



आदर्श शासन की स्थापना की। कार्यक्रम के दौरान प्रभात फेरी मंडली एवं सरदार पब्लिक स्कूल हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों का लोई प्रदान कर सम्मान प्रदान कार्यक्रम के आयोजन कर्ता सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने किया हवन एवं अन्य वैदिक कार्यक्रमों का कुशल संचालन श्री शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। आयोजन के अंत में सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने ग्राम आचार्यों एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र एवं विपुल दक्षिणा प्रदान कर संतुष्ट किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उन्होंने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने परिवार के लिए आशीर्वाद की कामना की।

### कुंकरापानी में स्वच्छता जागरूकता शिविर




**हरिभूमि चिल्फीघाटी।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम कबीरधाम द्वारा शुक्रवार को ग्राम कुंकरापानी स्थित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना, बच्चों में स्वच्छ आदतों का विकास करना तथा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के कुल 110 विद्यार्थियों एवं 4 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम ने बच्चों और शिक्षकों को स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। टीम द्वारा विद्यालय में स्वच्छता किट का वितरण किया गया, जिसमें डस्टबिन, हार्पिक, हैंडवॉश, फिनाइल, ब्लीचिंग पाउडर, शॉप-साफ-सफाई सामग्री आदि शामिल थे, ताकि विद्यालय में नियमित स्वच्छता बनाए रखी जा सके। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी बच्चों को स्वच्छता के प्रति निरंतर मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया तथा एसबीआई संजीवनी टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में टीम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है, और यदि बचपन से ही स्वच्छ आदतें अपनाई जाएं तो समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाया जा सकता है। यह स्वच्छता जागरूकता शिविर ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिससे बच्चों के साथ-साथ पूरे समुदाय में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई।

## पदोन्नति के संबंध में नपाध्यक्ष से मिला फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी से मिलकर सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर



पदोन्नति के संबंध में चर्चा किया गया। नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष से आज शहर शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के सभी पदाधिकारी और शिक्षकों ने मिलकर पदोन्नति के संबंध में अपनी समस्या को रखा और अध्यक्ष से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ने पदोन्नति के संबंध में अपनी बात रखते हुए बताया कि शिक्षक साथी 18-20 वर्षो से एक ही पद पर कार्य कर रहे हैं, उन्हें आज पर्यंत पदोन्नति का फायदा नहीं मिल पाया है, जिसके कारण उन्हें बहुत ही आर्थिक नुकसान हो रहा है। अध्यक्ष से अपील कर उक्त बातों को शिक्षा मंत्री और संयुक्त संचालक दुर्ग के समक्ष रखें और हमारी समस्याओं से अवगत कराएं। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि अधिकारियों से और मंत्री से बात करके इन समस्याओं का निराकरण जल्द ही करने के लिए कहूंगा और और नियम अनुसार जो शिक्षक साथी वरिष्ठता सूची के क्रम में आते हैं उन्हें जल्द से जल्द पदोन्नति का लाभ देने के संबंध में बात करूंगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला सहित सहायक शिक्षक साथी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### रास्ते में खाली किया ...

लगना ही संदेह पैदा करने के लिए काफी था। रात करीब 9 बजे ग्राम परपोडा में राजपूत कृषि केंद्र के सामने ट्रक से धान खाली किया जा रहा था, तभी समिति अध्यक्ष त्रिलोकी साहू और प्रभारी समिति प्रबंधक नितिन साहू ने मौके पर पहुंचकर पूरे खेल का पर्दाफाश कर दिया। भनक लगते ही चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना तत्काल अधिकारियों को दी गई, लेकिन पुलिस करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस दौरान देर रात तक माहौल गरमाया रहा और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। शुक्रवार देर रात तक तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और खाद्य निरीक्षक अमित तिवारी सहित प्रशासनिक अमला कार्रवाई में जुटा रहा। हालांकि आरोपियों पर किन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी। थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि जिला खाद्य अधिकारी की लिखित शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है और जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अचानक लगी आग ...

स्थिति बन गई। स्थानीय बोर एवं उपलब्ध संसाधनों की मदद से ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों की सतर्कता से आग आसपास के घरों तक फैलने से बच गई, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

### नकदी, घरेलू सामग्री ...

उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवार को संकट की इस घड़ी में सहारा मिल सके।

### जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

# कुआंमालगी से अमलीमालगी पीएम सड़क बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुआंमालगी से अमलीमालगी को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने के बाद जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा मरम्मत के नाम पर केवल गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संबंधित स्थानों पर डामरीकरण नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों पर पांच वर्षो तक गुणवत्ता की गारंटी रहती है। इस अवधि में यदि सड़क उखड़ती है या गड्ढे बनते हैं तो संबंधित एजेंसी द्वारा समुचित मरम्मत की जानी चाहिए। लेकिन मरम्मत कार्य केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा गड्ढों में डाली गई गिट्टी ऊपर आ चुकी है, जिससे दो पहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर गिट्टियां उछलकर अन्य राहगीरों को लगने की आशंका भी बनी रहती है। यह मार्ग ग्रामीणों के साथ-साथ बड़े वाहनों और हाईवे से जुड़े आवागमन के लिए भी उपयोग में आता है, ऐसे में अधूरी मरम्मत दुर्घटना को न्यौता दे रही है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर विभागीय जांच कराई जाए तथा सड़क गारंटी अवधि में है तो संबंधित ठेकेदार से नियमानुसार पूर्ण डामरीकरण कराया जाए। वहीं यदि गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है तो सड़क के समुचित पुनर्निर्माण या स्थायी मरम्मत हेतु शीघ्र राशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### परसदा खार में मिली 10 दिन पुरानी महिला की लाश

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा खार में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह शव केवल्य धाम के पीछे मिला है। सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष है। शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान है कि महिला की मृत्यु लगभग 10 से 15 दिन पहले हुई होगी। अधिक समय बीत जाने के कारण तत्काल पहचान संभव नहीं हो सकी है। इस मामले में थाना कुम्हारी में मर्ग कायम कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि महिला के हाथ पर विनोद शर्मा नाम का टैटू अंकित है। यह टैटू पहचान का महत्वपूर्ण आधार हो सकता है। घटनास्थल से महिला के पहने हुए कपड़े, चूड़ी, कंगन और चप्पल बरामद किए गए हैं।

### शासकीय कार्य में बाधा के दो और आरोपी गिरफ्तार जमानत पर छोड़ा

**दुर्ग।** जमीन रजिस्ट्री की बढ़ी दरों के विरोध में पटेल चौक पर हुए मार्ग जाम और पुलिस से हाथापाई के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो और आरोपियों शुभम सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड 16 कर्मचारी नगर शिव मंदिर के पास दुर्ग और गीतेश कुमार ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खुरशीटिकुल पो. सुरडोंगर जिला बालोद हाल पता वार्ड क्रमांक 16 कर्मचारी नगर दुर्ग को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 8 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार मामला 1 दिसंबर 2025 का है। बीएसएनएल ऑफिस के सामने कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके पर मौजूद बल ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ गई। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से हाथापाई की गई और आवागमन बाधित किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, तुषार सलामे, अजय साहू और हिमांशु जंघेल को चोटें आईं। घटना के बाद थाना सिटी कोतवाली में बीएनएस की धारा 221, 126(2) और 191(2) के तहत मामला दर्ज किया था। 6 आरोपियों अनिल वासनिक उम्र 43 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर दुर्ग, विक्की चंद्राकर उम्र 32 वर्ष निवासी शीतला नगर दुर्ग, दिनेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष निवासी गयानगर दुर्ग, राकेश यादव उम्र 38 वर्ष निवासी गयानगर दुर्ग, जितेन्द्र बत्रा उम्र 41 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी स्टेशन रोड दुर्ग और मनोज राजपूत उम्र 50 वर्ष निवासी सिकोला भाठा दुर्ग को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब दो अन्य आरोपी शुभम सिंह राजपूत और गीतेश कुमार ठाकुर को उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया। सक्षम जमानतदार पेश करने पर दोनों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इनमें यशवंत सिंह राजपूत उम्र 33 वर्ष निवासी बोरसी दुर्ग, ओमप्रकाश कोटवानी सहित अन्य शामिल हैं।

### पिस्टल लहराकर लोगों को डराने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सुमित बाजार के पास, स्टेशन रोड क्षेत्र में पिस्टल लहराकर लोगों को डराने वाले तीन युवकों को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए एक नकली पिस्टल जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें तीन लोगों द्वारा वाहन में बैठकर नकली पिस्टल लहराते हुए लोगों को डराने का काम किया जा रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हुए थाना मोहन नगर पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर वाहन से उतरकर नकली पिस्टल के माध्यम से लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया तथा उक्त वीडियो को इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड किया गया।

## मौसम : 20 ट्रांसफॉर्मर से बिजली बाधित, 45 पंप जब्त

# ग्रीष्मकालीन धान पर सख्ती: जल संकट के मद्देनज़र बेमेतरा को जल अभाव क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में इस वर्ष मात्र 552 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य औसत से काफी कम है। कम वर्षा के कारण भू-जल स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड द्वारा बेमेतरा जिले के तीन विकासखण्डों को क्रिटिकल ज़ोन घोषित किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि समय रहते जल संरक्षण के प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो आगामी महीनों में पेयजल संकट और गहरा सकता है।

जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में ही कृषकों से अपील की गई थी कि वे ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य कम पानी में तैयार होने वाली वैकल्पिक फसलों का उत्पादन करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती में अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भू-जल दोहन बढ़ता है और पेयजल स्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके बावजूद कुछ कृषकों द्वारा निर्देशों की अनदेखी करते हुए ग्रीष्मकालीन धान की खेती की जा रही थी, जिससे जल संकट की स्थिति और अधिक गंभीर होने की आशंका बनी हुई थी। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर महोदया द्वारा पेयजल संरक्षण अधिनियम के तहत पूरे बेमेतरा जिले को



जल अभाव क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय आमजन को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने और भविष्य के संकट को टालने के उद्देश्य से लिया गया है।



**प्रशासन ने सख्त की कार्रवाई:** निर्देशों के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, कृषि, पुलिस, विद्युत एवं जल संसाधन विभाग की संयुक्त टीम गठित की। संयुक्त दल द्वारा जिले के गुनरबोड़, जेवरी, अमोरा, बावनलाख, भिंभौरी, अतरगढ़ी, बुढ़ा जौंग सहित कुल 7 गांवों में 20 ट्रांसफॉर्मरों से बिजली प्रवाह बाधित किया गया, ताकि अवैध रूप से की जा रही सिंचाई को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त शिवनाथ नदी से अवैध रूप से ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई करते पाए जाने पर जल संसाधन विभाग के उड़नदस्ता दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाठासोरी, तबलखोर, परपोड़ा, ताकम, पाथरपूंजी, सिँवार, सलधा सहित कुल 16 ग्रामों में छापेमारी की। इस दौरान कुल 45 पंप जब्त किए गए। जब्त पंपों के माध्यम से नदी एवं अन्य स्रोतों से अनधिकृत जल दोहन किया जा रहा था।

### आगे भी निरंतर निरीक्षण एवं कार्रवाई रहेगी जारी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि जनहित में आवश्यक कदम है। पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए आगे भी निरंतर निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर महोदया ने सभी कृषकों से पुनः अपील की है कि वे जल संकट की गंभीरता को समझें, प्रशासन के निर्देशों का पालन करें तथा कम पानी वाली फसलों को अपनाकर जिले में जल संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। जिला प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में यदि निर्देशों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जिले में उपलब्ध सीमित जल संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करना और आम नागरिकों के लिए सुरक्षित पेयजल उपलब्धता बनाए रखना है।

# निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों को पोषण एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले को टीबी मुक्त बनाने साजा विकासखंड के थान खम्हरिया में मितानिनों का सेक्टरवार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश पर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा एवं बीपीएम साजा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य टीबी मुक्त पंचायत अभियान को प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान मितानिनों को टीबी के संभावित मरीजों की पहचान के लिए सर्वेक्षण करने, उन्हें जांच के लिए प्रेरित करने तथा टीबी पॉजिटिव मरीजों को डॉट्स पद्धति के माध्यम से नियमित दवा उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। साथ ही निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. स्वदेश जायसवाल, आरएमए मनीष ठाकुर, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर श्री पुरन दास, आशीष दुबे सहित मितानिन प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में मितानिनें उपस्थित रहीं।

### लक्ष्य को समय पर हासिल करने कवायद

प्रशिक्षण उपरांत मितानिनें अपने-अपने गांवों में सर्वेक्षण एवं जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संभावित मरीजों की पहचान एवं जांच सुनिश्चित करेंगी। जिससे टीबी मुक्त पंचायत के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके।

# परपोड़ी में हुआ स्नेह सम्मेलन



**परपोड़ी।** परपोडी विख साजा में शास बालक प्रा शाला, शास कन्या प्रा शाला एवं शास कन्या पू मा शाला परपोडी के संयुक्त तत्वावधान में स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि देशू राम साहू, अध्यक्ष नपं परपोडी अध्यक्षता शिववती साहू उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि एनडी मांडले प्राचार्य, सुनीता गुप्ता, नेहा साहू, मीना साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति के आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तीनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम को देखने के लिए भारी संख्या में पालक गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में अजय सिंह ठाकुर, कुशाला छेदैया दख्शा खान, शंकर लाल ठाकुर, कविता पटेल, मेघराज चौरे, सुनीता मिश्रा, राजकुमारी वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयराम सिंह मरावी ने किया।

# शिवजी की पूजा से मनोवांछित फलों की होती है प्राप्ति: पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खमरिया

श्री राम-जानकी मंदिर सेवा समिति वार्ड क्रमांक 05 में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस शिवलिंग प्राकट्य व रूद्राक्ष महिमा के अमृत महोत्सव में अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्यामपुर कांपा से आए वेद विभूषण भागवत अलंकार भारत गौरव राष्ट्रीय वक्ता पंडित मोहन नारायण शास्त्री ने कहा कि भगवान शिवजी के लिए किया गया सत्कर्म कभी निष्फल नहीं जाता है। रामायण में संत तुलसीदास लिखते हैं, इच्छित फल बिनु सिव अवराधे, लहिअन कोटि जोग फल साथे, भगवान शिव की उपासना बिना आज तक कोई कुछ भी नहीं पाया।



- शिवलिंग की पूजा देव, दानव, मानव, चराचर जीव करते हैं
- शिव महापुराण कथा का दूसरा दिन

शिवलिंग की पूजा देव, दानव, मानव, चराचर जीव करते हैं।

पंडित शास्त्री ने कहा कि शिव पुराण में लिखा है माता पार्वती शिवजी की तपस्या करके भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त कर लिया। उन्हें आगे कथा मे कहा कि भगवान श्रीविष्णु, शिव की तपस्या करके सुदर्शन चक्र पाया। संसार को विद्या एवं कला देने वाली सरस्वती शिवकृपा से ही संपुरण ज्ञान पाई है। राक्षसराज रावण शिव की अखंड तपस्या की थी। जिससे प्रसन्न होकर भगवान महादेव ने ही रावण को स्वर्ण की लंका एवं देवताओं को जीत लेने का अद्भुत आशीर्वाद दिया था। शास्त्री जी ने शिव महिमा को बताते हुए कहा कि वेद मंत्र भी भगवान शिव की स्तुति गाते हैं।

**नमः शिवाय, कल्पवृक्ष के समान फल देने वाला:** तत्व से देखा जाए तो सभी संसार शिवमय है जिनका पंचाक्षर नाम नमः शिवाय, कल्पवृक्ष के समान फल देने वाले हैं अर्थात भगवान शिव की पूजा,अराधना करने से ही मनोवांछित फलो की प्राप्ति होती है। शंकराचार्य ने भी यही कहा है कि चिदानंद रूपं शिवोहं शिवोहं। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्र 05 स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण मे आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा सुनने श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ जुट रही है, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक है।

### धर-पकड़ : 3 आरोपियों को भेजा गया जेल

**भिलाई।** तीन शराब बेचने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम गाड़ाडीह एवं इंदिरा नगर उतई से अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पकड़ा गया। राउतपारा, ग्राम गाड़ाडीह, थाना उतई निवासी विजय यादव, वार्ड 6 यादवपारा, ग्राम गाड़ाडीहमुकेश नवरंगे उर्फ नजरू, गोल्डन कॉम्पलेक्स, इंदिरा नगर उतई प्रेमसुख ढीमर को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.760 बल्क लीटर, दो पहिया वाहन,30 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.40 बल्क लीटर, 31 पौवा शोले शराब जब्त किया गया।



# छत्तीसगढ़ की पहली बालिका यंग साइंटिस्ट साक्षी का शिक्षा मंत्री ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ की पहली बालिका यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड प्राप्त छात्रा साक्षी जायसवाल को प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने गोल्ड मेडल एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साक्षी के पिता जिले के डीएवी स्कूल जांता के प्राचार्य हैं। साक्षी को कम उम्र में प्रकाश के माध्यम से डेटा स्थानांतरण हेतु वायरलेस संचार तकनीक पर कार्य के लिए 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में स्थान मिला। मात्र 12 वर्ष 19 दिन की आयु में यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया है। वह लगातार तीन वर्षों (2023, 2024, 2025) तक नेशनल स्पेस डे के अवसर पर 'यंग साइंटिस्ट इंडिया' ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित हुईं और चेन्नई राजभवन में राज्यपाल सहित देश-विदेश के वैज्ञानिकों से सम्मानित हो चुकी हैं।

- गोल्ड मेडल एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र दिया

### अन्य विद्यार्थियों के लिए बनेगी प्रेरणास्रोत

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने साक्षी की उपलब्धि की सराहना की। गोल्ड मेडल व गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# 'कैम्पस बर्ड काउंट' में 32 पक्षी प्रजातियों की हुई पहचान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट 2026 के वैश्विक अभियान के तहत 'कैम्पस बर्ड काउंट' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं पक्षी विशेषज्ञ डॉ. जगपाल सिंह बल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पक्षियों के वैज्ञानिक अवलोकन की पद्धति से परिचित कराना था।

- शासकीय पॉलीटेक्निक बेरला में किया गया आयोजित

डॉ. जगपाल सिंह बल, जो स्वयं एक उत्साही बर्ड वाचर हैं, ने छात्र, स्वयंसेवकों और शिक्षकों को पक्षियों की पहचान, उनकी आवाज़ों की समझ तथा डेटा संकलन की वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'नागरिक विज्ञान' के माध्यम से आमजन भी पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। पक्षी गणना के दौरान संस्थान परिसर में कुल 32 विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को दर्ज किया गया। एकत्रित आंकड़ों को वैश्विक पक्षी संरक्षण डेटाबेस ई बर्ड प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया। जिससे यह डेटा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध और संरक्षण कार्यों में उपयोगी सिद्ध होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. टी.वी. दीक्षित सहित गौरव गुप्ता, आकांक्षा शुक्ला, प्रिमेंद्र कुमार, दीक्षित आर्य, सौरभ वर्मा, हरिशंकर स्वर्णकार, रामकुमार साहू, डॉ. दीक्षा तिवारी, वंदना जलान, दिव्यांग चंद्रवंशी, छत्रपाल डड़सेना, दानेश्वर ताम्रकार, थानखमरिया कॉलेज के प्राचार्य अनिल सोनी, निलेश सोनी, कविता निर्मलकर, इंदु साहू, नूतन साहू, बहोरिक साहू, जयप्रकाश, दिव्या वर्मा एवं होरी लाल पटेल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### सुरक्षित व अनुकूल आश्रय स्थल

इस अवसर पर डॉ. बल ने कहा कि परिसर में 32 प्रजातियों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि संस्थान जैव विविधता के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल आश्रय स्थल है। ऐसे आयोजन छात्रों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी को सुदृढ़ करते हैं।

### अंतर विभागीय फुटबॉल स्पर्धा चौबीस से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी से 3 मार्च तक बीएसपी फुटबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर–01, भिलाई में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी टीमों में संकार्य जोन में आयरन जोन, स्टील जोन, मिल्स जोन एवं गुणवत्ता जोन तथा अनुरक्षण एवं उपयोगिताएँ शामिल हैं। वहीं गैर-संकार्य जोन में सामग्री प्रबंधन, प्रशासन, नगर सेवाएं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, खदान, मानव संसाधन विभाग तथा सर्विसेस जोन सम्मिलित हैं। प्रविष्टि संबंधित विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के कार्यालय, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर 4 में अंतिम तारीख 20 फरवरी तक प्रेषित करनी होगी।

## बोरतरा स्कूल में रानी लक्ष्मीबाई में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को प्रशिक्षण

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण में छात्राओं को सिखाए गए सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विकासखंड साजा अंतर्गत महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, सजग और आत्मविश्वासी बनाना रहा।

- शारीरिक के साथ मानसिक रुप से भी सशक्त होना आवश्यक

प्रशिक्षक जे.आर. रजक ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को हर परिस्थिति में सतर्क और तैयार रहने की



प्रेरणा दी। विद्यालय प्रांगण में छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान फेस पंच, मिडिल पंच, लोवर पंच, हुक पंच, ब्लॉक, किक, एल्बो बैक, एल्बो जुडान, एल्बो गीदान, एल्बो यूको और एल्बो मवाशी जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इन तकनीकों के माध्यम से छात्राओं को विषम परिस्थितियों में बिना घबराए साहस और सूझबूझ से सामना करने का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।

### नियमित अभ्यास से मिलेगी निपुणता

शाला के वरिष्ठ व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा ने अभ्यास के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "छात्राओं, आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास करते समय जितनी ऊंची आवाज और आत्मविश्वास के साथ हाथों का संचालन करोगी, उतना ही बेहतर अभ्यास कर पाओगी। नियमित अभ्यास से शरीर में स्फूर्ति, लगन और सकारात्मक मानसिक वातावरण का निर्माण होता है, जिससे आत्मरक्षा प्रशिक्षण में शीघ्र निपुणता हासिल की जा सकती है।" कार्यक्रम से छात्राओं में आत्मविश्वास और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

